भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न सं.*154
3/08/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्वदेशी आइसब्रेकर का निर्माण

***154** **श्री ए. डी. सिंह :**

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार स्वदेशी आइसब्रेकर के निर्माण में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठा रही है;
(ख) क्या भारत आर्कटिक में रूस के साथ वैज्ञानिक आदान-प्रदान को पुन: आरंभ करने के प्रयास में अपनी जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता का उपयोग करने का विचार रखता है; और
(ग) यदि नही, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रिजिजू)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रखा है।

“स्वदेशी आइसब्रेकर का निर्माण” से संबंधित राज्य सभा के तारांकित प्रश्न सं. *154, जिसका उत्तर 03 अगस्त, 2023 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) आइस ब्रेकर (ध्रुवीय अनुसंधान पोत) का अधिग्रहण ध्रुवीय क्षेत्रों में वार्षिक भारतीय वैज्ञानिक अभियानों के साथ-साथ दक्षिणी महासागर और उष्णकटिबंधीय समुद्र में अनुसंधान कार्यक्रमों को चलाने के लिए है। ध्रुवीय अनुसंधान पोत का संशोधित लागत अनुमान शिपिंग मंत्रालय के तहत केंद्रीय विश्वविद्यालय, इंडियन मेरीटाइम यूनिवर्सिटी के माध्यम से लगाया गया था। इस लागत अनुमान के आधार पर, पोत के अधिग्रहण के लिए एक मसौदा व्यय वित्त समिति (ईएफसी) प्रस्ताव तैयार किया गया है।

(ख) और (ग) भारत आर्कटिक से संबंधित मामलों में सहयोग बढ़ाने के लिए रूस सहित आर्कटिक परिषद के सभी सदस्य देशों के साथ कार्य कर रहा है।

*****